# नौसेना के कर्मियों को मिलेगा शिक्षा का लाभ




यूपीईएस और भारतीय नौसेना में करार के दौरान मौजूद अधिकारी। स्रोत : विवि

देहरादून। यूपीईएस विवि ने भारतीय नौसेना के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य नौसैनिक कर्मियों और उनके परिवारों को शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना है।

समझौते पर नौसेना वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन की अध्यक्ष शशि त्रिपाठी, कमोडोर एसएम उरूज अथर और विवि के रजिस्ट्रार मनीष मदान ने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रमों में फुल-टाइम ऑन-कैंपस यूजी और पीजी कोर्स, कामकाजी पेशेवरों के लिए पार्ट-टाइम पीएचडी आदि क्षेत्रों में लचीले ऑनलाइन पाठ्यक्रम शामिल होंगे। साथ ही इस सहयोग में संयुक्त शोध गतिविधियां और प्रबंधन विकास कार्यक्रम भी शामिल होंगे। शशि त्रिपाठी ने कहा, यह सहयोग हमारे नौसैनिक समुदाय के लिए शिक्षा के क्षेत्र में नए द्वार खोलने वाला कदम है। भरत खरखंदा ने भी विचार रखे। ब्यूरो